सार-समाचार

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

मुकुंदगढ़, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत डूमरा में शुक्रवार को कालका माता खेल ग्राउंड से झुंझुनूं जिले की सॉफ्टबॉल टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। टीम के कप्तान संदीप राहड ने बताया कि डूमरा खेल ग्राउंड में गांव के सैकड़ों लोगों ने भाजपा युवा नेता राजेश कटेवा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर खिलाडियों को समानित कर रवाना किया। कटेवा ने सभी खिलाडियों को ट्रैक सूट व खेल सामग्री वितरण कर खिलाडियों के लिए हरदम साथ देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा मानदास आश्रम के महंत बीरबलदास महाराज ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में बहादुरमल मास्टर, शीशराम फौजी, मंगलाराम महला, रामस्वरूप फौजी, विजयपाल मलोवा, केशरदेव सोनी रहे। टीम में भाग लेने वाले संजय कुमार, संदीप सीगड, जयवीर, मुकेश, अमित कुमार, अमित महला, विकास कुमार, अनुराग, रविंद्र, मोनू आदि खिलाड़ियों ने भामाशाह का आभार प्रकट किया। इस मौके पर राजवीर महला, गजेंद्र सोनी, बजरंगलाल अग्रवाल, विनोद मेघवाल, आशीष महला, राजा महला, कुलदीप मीणा, तुलसीराम, प्रकाश महला, रामस्वरूप महला, अमित धाकड़ सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजद रहे। इस कार्यक्रम का संचालन गिरधारीलाल महला व संजय जांगिड़ ने किया।

राजेंद्र गुढ़ा ने पैदल यात्रा निकाली

मंडावा, (निसं)। कस्बे में कुछ दिनों पूर्व हुई एक घटना में गिरफ्तार विशेष समुदाय के लोगों की गिरफ्तारी के बाद पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने विशेष समुदाय के लोगों के समर्थन में शुक्रवार को मंडावा से झुंझुनूं तक पैदल यात्रा निकालते हुए प्रशासन की एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रकट स्वरूप पैदल यात्रा निकाली। यात्रा से पूर्व सुभाष चौक स्थित सुभाषचंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा निकाली। जो मंडावा थाने के सामने से होते हुए बिसाऊ चौराहे से झुंझुनूं को रवाना हुई। इस मौके पर पूर्व मंत्री गुढ़ा ने मंडावा थाने के सामने विशेष समुदाय के लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में जमकर प्रशासन और पुलिस के विरोध में नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व सुभाष चौक के पास नेमीनाथ मार्केट में स्थित सक्षम लाइब्रेरी में पढने वाले छात्र और छात्राओं के साथ मारपीट की घटना हुई थी। घटना के पांच आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मंडावा थानाधिकारी रामनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में एक पार्षद सत्तार सहित हिस्ट्रीशीटर अनवर, अमीर, अब्दुल मजीद,ओर जुबैर को जेल भेजा गया है।

वार्षिक उत्सव अरूणिमा कल

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद का वार्षिक उत्सव अरूणिमा दो फरवरी रविवार को आयोजित विद्यालय प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी सिक्किम सरकार के पूर्व मुख्य सचिव सुरेश कुमार गुप्ता होंगे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डूंडलोद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष एसएस रणवां करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिप्ती स्वामी, न्यायिक अधिकारी ग्रामीण न्यायालय सुमन कुमारी, डीएसपी राजवीर सिंह चम्पावत, तहसीलदार महेंद्रसिंह रत्नू तथा श्री सीमेंट नवलगढ़ के यूनिट हैड एचसी गुप्ता होंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में सांस्कृति एवं रंगारग कार्यक्रम के साथ ही बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहे एवं खेलों में बेहतर परफोरमेंस देने वाले विद्यार्थियों तथा विद्यालय में बेहतर रिजल्ट देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

खेलकूद व सांस्कृतिक सप्ताह का समापन

मंडावा, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में शुक्रवार को खेलकूद और सांस्कृतिक सप्ताह का समापन विधिवत समापन किया गया। प्राचार्या डॉ. सुनिता बेनीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता खो-खो, कबड्डी, दौड़, भाला फेंक, बैडमिंटन, रस्साकसी खेलो का आयोजन किया गया। खो-खो में बीए तृतीय वर्ष दिवांशी दल, कबड्डी में बीए तृतीय वर्ष सोनिया दल, दौड़ में भूमिका प्रथम, रेणुका द्वितीय व मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। भाला फेंक में रिया कुमारी प्रथम व अलका द्वितीय स्थान पर रही। बैंडमिंटन में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सारिका जांगिड़, रस्साकसी में नेहा दल विजेता रही। सांस्कृतिक में एकल गायन में नीलम, एकल नृत्य में अनम व सामूहिक नृत्य में दिवांशी दल विजेता रही। समापन समारोह पर सभी विजेताओ को प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पथ संचलन कल

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस व बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर कल 1 फरवरी को अपराह्न 3बजे बजे से आदर्श विद्या मंदिर समूह द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर पथ संचलन निकाला जाएगा। विद्या मंदिर समूह के बालक बालिकाओं द्वारा घोष की ताल के साथ कदम से कम मिलाते हुए भैया बहनों के द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर पथ संचलन किया जाएगा। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय से चिरानिया खुर्रा , जांट की कुई , न्यामा बाजार, पुराना बस स्टैंड, मुरली मनोहर जी का मंदिर, पक्की प्याऊ से होता हुआ कबूतरीय कुआं चौपड़ बाजार, घंटाघर से खाटू की कुई केसरीनंदन बालाजी मंदिर के सामने से पुनः आदर्श विद्या मंदिर परिसर में सम्पन्न होगा। पथ संचलन के दौरान कई महापुरुषों की व देवी देवताओं की झांकियां भी होगी।

इंटरलॉक सड़क का लोकार्पण किया

झुंझुनूं, (निसं)। भड़ौंदा खुर्द में रामदेवाराम जांगिड के घर से राजकीय बालिका उप्रावि के पास झुंझुनूं रोड तक इंटरलॉक सडक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जा गया। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार आने पर ये संभव हुआ है। साथ ही भाजपा सरकार की योजनाओं को ग्रामवासियों तक पहुंचाए जाने को कहा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा नेता बबलू चौधरी, सरपंच प्रतीक्षा झाझड़िया, पंचायत समिति सदस्य सुशीला देवी, भड़ौंदा कलां सरपंच सुरेंद्र झाझड़िया, पातुसरी पूर्व सरपंच अजय कुमार व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

शहीद दिवस मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। मंडावा रोड स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनूं में शहीद दिवस मनाया गया। शहीदों को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने देश की आज़ादी के लिए मर मिटने वाले शहीदों के बलिदान एवं उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने एवं सत्य, अहिंसा, ईमानदारी के पथ पर चलते हुए राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में योगदान करने के लिए विद्यार्थियों का आ ान किया। उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरों के लिए जीते हैं वे मर कर भी अमर रहते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थी हरमन व कनिका कक्षा 9वीं तथा शिक्षक अरूल राज ने भी अपने विचार प्रकट किए।

शिविर में 191 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 191 रोगियों की जांचकर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, मुबारक अली पहाडियान, सुमेरसिंह कर्णावत, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, रमेशचंद्र अग्रवाल, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया

उदयपुरवाटी (निसं) निकटवर्ती ग्राम पंचायत नांगल के बड़े वार्डों का परिसीमन करके छोटे वार्ड बनाने के की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम उपखंड कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया है कि नांगल के वार्ड नम्बर 01 ओर वार्ड नंबर 11 बडे वार्ड है जिसको परिसीमन में तीन वार्ड ओर बनाने की मांग की। वार्ड नंबर 01 ओर वार्ड नंबर 11 जनसंख्या ओर मतदाता की दृष्टि से बड़े वार्ड है ज्ञापन में बताया गया है की दोनों वार्ड बडे होने के कारण विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट ताराचंद नांगल, महेन्द्र सैनी, बनवारी लाल सैनी, भेरू राम सैनी, राकेश सैनी, अशोक सैनी, दिनेश सैनी ओर प्रमोद सैनी आदी के हस्ताक्षर है।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

सीकर (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर में खेल सप्ताह के अंतिम दिन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि टेबल टेनिस पुरूष वर्ग में अंशुमन सैनी एवं महिला वर्ग में रूचिका शर्मा प्रथम स्थान पर रहे।

सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थी का अहम अंग : डॉ. मंजू शर्मा

चूरू (निसं)। लोहिया महाविद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद सप्ताह का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि इस महाविद्यालय का अनुशासन लाजवाब है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक सप्ताह में आयोजित विभिन्नि गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों के विद्यार्थी का अहम अंग

- लोहिया महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह का हुआ समापन

लोहिया महाविद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद सप्ताह में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

है। कार्यक्रम संयोजक संयोजक डॉ. ट्विंकल शर्मा ने बताया कि अन्तिम दिन षुक्रवार को समूह नृत्य, समूह गायन व लोक गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समूह नृत्य में प्रियंका चौपड़ा ग्रुप ने प्रथम, लक्ष्मी शर्मा ग्रुप ने द्वितीय व यशवेन्द्र सोनी ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। समूह गायन में प्रथम स्थान पर हर्षित ग्रुप, दूसरे स्थान पर धोनी ग्रुप व तृतीय स्थान पर राजेश कुमार ग्रुप रहे। वहीं लोकगीत गायन में दक्षिता शर्मा ने प्रथम, हर्षित सोनी ने द्वितीय व आफरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति की डॉ. अंजू ओझा, डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. आशीष शर्मा व डॉ. शान्तनु डाबी ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. डॉ. सरोज हारित, डॉ. मूलचंद, विनीता पारीक व विनित ढाका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरविन्द शर्मा, डॉ. संतोष बलाई, प्रो. डॉ. मधु चौधरी, प्रो. एम. एम. शेख, प्रो धीरज बाकोलिया, प्रो. शालिनी हेमकार, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. महेंद्र खारडिया, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. उर्मिला फगेडिया, डॉ. सुचित्रा मांझू, डॉ. रेणु धेतरवाल, डॉ. सुखवीर पूनिया, प्रो. जावेद खान, डॉ. रिजुल पूनिया सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीना ढेनवाल, डॉ. संजू झाझड़िया व डॉ. पूजा प्रजापत ने संयुक्त रूप से किया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित

सीकर (निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह माह 2025 परवाह थीम का समापन, सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को श्री कल्याण राजकीय बालिका महाविद्यालय में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने कहा कि हम अपने परिवार, समाज, गांव, रिश्तेदारों को यातायात नियमों के बारें में जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकते है। उन्होंने युवाओं से सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने एवं निर्धारित स्पीड में वाहन चलाने और स्टंट बाजी से बचने की बात कही। पुलिस अधीक्षक यादव ने कहा कि स्कूली विद्यार्थी सड़क नियमों के बारे में अपने परिजनों एवं अन्य लोगों को जागरुक कर सड़क दुर्घटनाओं को कमी लाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम हम सब की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, जिनकी हमें उनकी पूर्ण पालना करनी चाहिए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारें में अपने घर, गली-मौहल्ले में आमजन को जागरूक करें ताकि किसी की जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि आम तौर पर देखा जाता है कि किसी दुर्घटना के समय लोग वीडियों बनाते है जबकी हमारा यह दायित्व बनता है कि दुर्घटना में घायल लोगों का प्राथमिक उपचार करें और समय रहते उन्हें अस्पताल पहुंचाये। उन्होंने कहा अगर किसी सड़क दुर्घटना में किसी परिवार के सदस्य की जान चली जाती है तो उस परिवार पर क्या गुजरती है यह अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने कहा कि ऐसे सड़क सुरक्षा से संबंधित विभाग जन जागरूकता के कार्यक्रम व अभियान लगातार चलाए और आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देवें। जिससे कि लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी आगन्तुकों व बालिकाओ को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने की शपथ भी दिलवाई।

इससे पूर्व सडक सुरक्षा व यातयात संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें अरूनामा ब्रांड एम्बेसेडर ने सुणता जाज्यों जी, यातायात नियम री बातां तथा राजेश साल्वी एंड पार्टी ने भवई नृत्य म्हारों प्यारों राजस्थान की शानदार प्रस्तृतियां दी। कर्यक्रम में सड़क सुरक्षा माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 55 कार्मिक व संस्थाओं का सम्मान किया वहीं निबन्ध, स्लोगन, पोस्टर व पत्र लेखन प्रतियोगिता में ब्लॉक वार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने सडक सुरक्षा माह के तहत जिले में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों, सड़क सुरक्षा नियमों एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि परिवहन विभाग सीकर आगे भी सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान चलाता रहेगा।

सार-समाचार

मूर्तियां स्थापित की

सीकर, (निसं)। यहां म्यूजियम के पास बडा तालाब बालाजी धाम में राम दरबार व शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना धूमधाम से की गई। श्रीदक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी जगदीश प्रसाद शुक्ला व हरिप्रसाद जाजोदिया के सानिध्य में कलशयात्रा, मूर्तियों का नगर भ्रमण, संकीर्तन, हवन पूजन तथा प्रसाद वितरण के कार्यक्रम हुए। पं. चन्द्रकांत मिश्र, पं. महेश शर्मा, पं. सुधीर, पं. अनन्त मिश्रा ने अनुष्ठान करवाया। महंत जगदीश शुक्ला ने श्री श्याम बाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्यामभक्त रामगोपाल गोपी को गजरा पहनाकर स्वागत किया। श्यामभक्त रामगोपाल गोपी ने श्यामप्रभु के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किये। इस मौके पर सुभाष यादव, पिहू, दिलीप शर्मा, गोकुल जांगिड़, राजेन्द्र शर्मा, शंकरलाल शर्मा, परितोष कुमार, देवेन्द्र शर्मा, चर्चित शर्मा, वंश शर्मा, अजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, देवकीनंदन पारीक, ज्योति तनवानी, वंदना राठौड़, मोनिका, हेमलता, शोभा, पुष्पा, ऋचा, मंजू, अनीता कांकडोलिया,पायल कुमावत,संतोष मिश्रा, अरुणा, कुसुम, अर्चना, शिल्पा, शर्मिला, मधु, पार्वती, हेमा, सुमन, सनम, मीनू,कोमल,भारती, केसर, सुधा, संतोष,सविता,सावित्री,अलका, वीणा त्यागी,साक्षी,बबिता जैन,अंकित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर का समापन

रतनगढ़, (निसं)। पीएम श्री श्रीमती भगवान देवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का समापन हुआ। बीसीएमओ डॉक्टर मनीष तिवाड़ी के नेतृत्व में डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर सुरेश,डॉक्टर धर्मेंद्र, सीएचओ नवीन पंवार,नर्सिंग स्टाफ मायावती, राजबाला आदि की टीम ने बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की और स्वास्थ्य से जुडी जानकारी दी। प्रथम दिन स्वास्थ्य जागरूकता रैली, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। दूसरे दिन बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।गुरुवार को जांच रिपोर्ट के आधार पर उपचार किया गया। इस दौरान पर प्रधानाचार्य गोपाल कंवर, महेंद्र डूडी, सीमा शर्मा, हरिराम मेघवाल, कोमल दीक्षित,राजेंद्र मोरिया,पूनम कुमारी, नीलम चौधरी, सुशीला देवी,जगदीश प्रसाद, उषा शर्मा, मुनकेश, सुनीता सिहाग, मुरलीधर, अनिल जांगिड, बिमला देवी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई

सीकर, (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य भवन में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी प्रभुदयाल दानोदिया को शुक्रवार को सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई गई। स्वास्थ्य भवन में सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में वक्ताओं में उनके कार्य व व्यवहार की सराहना की तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की। समारोह में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी, पिपराली बीसीएमओ डॉ अजीत शर्मा, लेखा अधिकारी हमीद अली, सहायक लेखा अधिकारी डॉ बजरंग सिंह बगडिया सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

भामाशाह सम्मान समारोह संपन्न

झुंझुनूं, (निसं)। निकटवर्ती गांव इंडाली स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में विभागीय निर्देशानुसार वार्षिकोत्सव कार्यक्रम व भामाशाह सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू व अध्यक्षता सीडीईओ झुंझुनूं अनुसूईया ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीईओ महेंद्र सिंह जाखड मौजूद रहे। प्रांरभ में प्रधानाचार्या बबिता ढाका ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने भामाशाहों व विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया।

शोभायात्रा के साथ शिव महापुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन 31 जनवरी से सात फरवरी तक मंदिर परिसर के सामने श्री चौथमल जी गोयनका नोहरा में किया जा रहा है।

शिव महापुराण कथा यज्ञ में प्रथम दिवस पर व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया। इससे पूर्व भागवत ग्रंथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं अग्रवाल परिवार द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर से भागवत आचार्य बालव्यास श्रीकांत शर्मा के सानिध्य में शिव महापुराण पोथी को सभी भक्तजनों ने अपने मस्तक पर धारण कर कथा स्थल चौथमल गोयनका तक गए इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में महिलाओं एवं भक्तों ने नाच कर गाकर खुशी का इजहार किया।

श्रद्धालुओं से खचाखच भरे विशाल टेंट में शिव महापुराण कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण करा रहे श्रीकांत शर्मा ने कहा कि व्यक्ति का पूरा जीवन यह जानने में लग जाता है कि उसका जन्म क्यों हुआ। हकीकत यह है कि हमारा जन्म अपने पूर्व जन्म के प्रतिफल को पाने और भगवान का भजन करने के लिए हुआ है। यदि हमने पूर्व जन्म में अच्छे कर्म किए होंगे तो इस जन्म में प्रतिफल के रूप में हमें आनंद की प्राप्ति होगी। पंडित शर्मा ने कथा सुनाते हुए कहा कि अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। अगर हम घर में बनाएंगे अनुशासन तो पैदा नहीं होंगे दुशासन। अपने बच्चों को हर हाल में संस्कारित बनाइए। उन्होंने कहा है कि भगवान शिव जी पर एक लोटा जल चढ़ा देने मात्र से ही हमारी सभी इच्छाएं और बड़ी कामनाएं पूर्ण हो जाती है। इसके लिए आवश्यक है कि जब हम जल चढ़ाएं निष्कपट भाव से चढ़ाएं। कथा का समय दोपहर एक से शाम पांच बजे तक का रखा गया है।

कथा स्थल को सुंदर वाटर प्रूफ टेंट बनाकर सजाया गया। कथा श्रवण हेतु महिलाओं एवं पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग सुन्दर व्यवस्था सराहनीय रही। इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्रकुमार मोदी दिल्ली, सुरेशचंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अग्रवाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकड़ीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, रमाकांत एवं प्रदीप जालान सूरत, जयपुर से प्रमोद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पूनम ढंढारिया, संजय अग्रवाल, मुंबई से गोपीराम मोदी, संतकुमार मोदी, सूरत से विमल ढंढारिया, सुशील तुलस्यान हैदराबाद, चैन्नई से महावीरप्रसाद गुप्ता एवं गजेंद्र मोदी, अशोक अग्रवाल नीमकाथाना, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत पंसारी, कैलाश अग्रवाल, रुपेश तुलस्यान, अंजनी जालान, गोविंद जालान, हितेश केजरीवाल, राकेश तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, नवीन जालान, सीमांत तुलस्यान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, परमेश्वर जालान, श्रीगोपाल हलवाई, ताराचंद गुप्ता भोडकीवाला, प्रमोद खंडेलिया, श्रवण केजड़ीवाल, सीए पवन केडिया, संपत्त चुड़ैलेवाला, शिवचरण हलवाई, नितिन नारनौली, निर्मल शाह, अनूप गाडिया, पांडाल एवं स्टेज डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान, टेंट वाले रामावतार जांगिड़, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, विनोद सिंघानिया, दिनेश अग्रवाल, पवन गाडिया, अनिल गुप्ता, अर्जुन वर्मा, शरद शर्मा, भरत कुमार तुलस्यान, दिनेश ढंढारिया, राकेश तुलस्यान, श्रीगोपाल हलवाई, अशोक बी. तुलस्यान, पवन केजड़ीवाल, उमाशंकर महमिया, विनोद पुरोहित सहित अन्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे। एक फरवरी शनिवार को कथा में शिव महिमा एवं शिव प्राकट्यय महोत्सव का वाचन महाराज श्री करेंगे।

अतिक्रमण नहीं हटा तो ग्रामीणों ने आक्रोश जताया

- कलेक्टर को की लिखित शिकायत
- ग्रामीण बोले शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत कालानाताल मुख्यालय पर सार्वजनिक चौक पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन की ओर से नहीं हटाने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। तथा गांव के प्रमुख रास्तो पर लकडियां तथा कंटीली झाडियां डालकर प्रमुख रास्ते बंदकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अनेकों बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मुख्य चौक को इंटरलॉक निर्माण करने के लिए वितिय स्वीकृति भी जारी हो चूकी है तथा चौक पर इंटर लॉक लगाने के लिए करीबन 300 ट्रॉली मिटटी डालकर भराव भी किया जा चूका है, लेकिन मिटटी डालने से पूर्व एवं बाद में कुछ ग्रामीणों की ओर से इस चौक पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण ना तो इस चौक का निर्माण हो रहा है तथा ना ही प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। वहीं गांव के प्रमुख रास्ते बंद कर दिए जाने के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी।

मामले में शुक्रवार को गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत कर ग्राम पंचायत कालाना ताल में आबादी बस्ती में बने चौक पर किए गए अतिक्रमण को हटाने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में महिपाल सिंघल, पवन कुमार, बलवान, मलकेश, रोशन, सुरेंद्र, विजेंद्र, मूलाराम, महावीर आदि ने बताया कि गांव के मुख्य चौक पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत इंटरलॉक लगाए जाने के लिए सरकारी बजट भी स्वीकृत हो गया है, जिससे निर्माण कार्य में अतिक्रमण करने वाले लोगों की ओर से बाधा उत्पन्न की जा रही है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को बताया कि मामले में अनेकों बार शिकायत की जा चूकी है, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि पटवारी और ग्राम सेवक चौक का सीमांकन करके गए, जिस पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। उपखंड अधिकारी द्वारा जारी आदेश के आधार पर पुलिस इमदाद के साथ तहसीलदार को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। फिर भी कारवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जनहित में शीघ्र ही उचित कार्रवाई की मांग की है।

तम्बाकू मुक्ति परामर्श के लिए प्रशिक्षण दिया

चूरू (निसं)। जिले में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण लिए शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि डब्लूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण में जिले के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों की पहचान कर उन्हें तम्बाकू का उपभोग छोड़ने के लिए तकनीकी सहायता एवं परामर्श प्रदान करना है। एसीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी ने बताया कि जिले में तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं के विस्तार के लिए समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों को तम्बाकू छोडने के लिए

चूरू जिले में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रेरित किया जाना आवश्यक है। इस दौरान जिला चिकित्सालय, चूरू में प्रदान की जा रही तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं की समीक्षा भी की गई तथा सेवाओं में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित करते हुए सभी प्रतिभागियों के समन्वित प्रयासों से तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र पर अधिक से अधिक तम्बाकू उपभोगी मरीजों को रेफर करने हेतु निर्देशित किया गया।

तम्बाकू मुक्ति उपचार केन्द्र को निर्देश दिए गए कि अस्पताल ओपीडी समय में आने वाले तम्बाकू उपभोगी मरीजों की अधिक से अधिक काउंसलिंग करें ताकि उपभोगी मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थैरेपी माध्यम से प्रभावी चिकित्सकीय उपचार दिया जा सके। प्रतिभागियों को तम्बाकू उपभोगी मरीजों की शारीरिक, मानसिक व्याधियों के व्यावहारिक रूप से समाधान, वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय विधि से काउंसलिंग करते हुए तम्बाकू उत